**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 13.04.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 18वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>कुलपति एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री कृपा शंकर सिंह<br>(प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव,प्राविधिक शिक्षा विभाग)<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1,उ0प्र. शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री अजय जौहरी<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह<br>कुलसचिव,एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री गोपाल खरे<br>वित्त नियंत्रक,एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6. | श्रीमती एश्वर्या, वित्त एवं लेखाधिकारी,एच0बी0टी0यू0कानपुर। | विशेष आमंत्री |

समिति की बैठक सदस्यों के परिचयोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

18.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 14/12/2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 17वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 14/12/2021 को सम्पन्न 17वीं बैठक के एजेण्डा मद संख्या: 17.08–हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में विभागों/अनुभागों का डिजिटलाईजेशन (स्कैनिंग) इण्डेक्सिंग कराये जाने संबंधी प्रस्ताव पर वित्त समिति द्वारा लिये गये निर्णय के कम में कुलसचिव की टिप्पणी दिनांक 20/12/2021 एवं कार्य परिषद की बैठक दिनांक 24.12.2021के एजेण्डा मद सं0: 17.03 में लिये गये निर्णय को संज्ञान में लेते हुए कार्यवृत्त में निम्नवत् संशोधन अंकित करते हुए कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया:

| मद सं0: 17.08:वित्त समिति का निर्णय.14.12.2021 | कार्य परिषद का निर्णय–24.12.2021 |
|---|---|
| समिति ने सम्यक विचार करते हुए समस्त प्राप्त प्रस्तावों का गहन अध्ययन किये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत, समिति का गठन किये जाने एवं समिति में District Informatic Officer, NIC, Kanpur को भी सदस्य के रूप में नामित करने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत करते हुए निर्देशित किया कि समेकित प्रस्ताव को आगामी वित्त समिति में प्रस्तुत किया जाय तथा व्यय को ₹ 50.00 लाख की सीमा तक रखे जाने के लिए कमेटी वेण्डर के साथ निगोसियट करें। | विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में डिजिटलाइजेशन हेतु प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण हेतु सदस्य के रूप में District Informatic Officer, NIC, Kanpur को नामित किये जाने के साथ ही उक्त कार्य हेतु व्यय सीमा ₹ 50.00 लाख (रूपये पचास लाख मात्र) तक रखी जाये तथा बाह्य एजेन्सी नामित किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया। |

**18.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 14/12/2021 को सम्पन्न 17वीं[ वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया तथा कृत कार्यवाही के अधीन निम्नवत् निर्देश प्रदान किये:-

1. वित्त समिति में लिये गये निर्णय के कम में अनुपालन आख्या में कृत कार्यवाहियों के साथ तद्विषयक आदेश/पत्र का सन्दर्भ संख्या दिनांक सहित अंकन किया जाय।
2. वित्त समिति के एजेण्डा मद सं0: 17.11.02 कम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/अनुभागों में निष्प्रयोज्य उपकरणों, मशीनों, सामानों एवं फर्नीचर आदि के निस्तारण की प्रकिया नियमानुसार त्वरित गति से सम्पन्न की जाय।

**18:03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर का वित्तीय वर्ष 2018-19 एवं वित्तीय वर्ष 2019-20 का तुलन पत्रों को अनुमोदन किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के तुलन पत्रों पर अनुमोदन प्रदान किया गया

**18.04 वित्तीय वर्ष 2021-22 में वास्तविक व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक अनुमान के प्रस्ताव पर विचार।**

वित्तीय वर्ष 2021-22 के आयोजनेत्तर पक्ष के लिए ₹ 6535.44 लाख का आय-व्ययक प्राविधान अनुमोदित था। वेतन भत्तों के लिए ₹ 3446.44 लाख एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त अन्य आयोजनेत्तर व्ययों के लिए ₹ 3089.00 लाख के व्यय प्राविधान अनुमोदित हैं, जिसके सापेक्ष कमशः वेतन-भत्तों में ₹ 2822.57 लाख एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त ₹ 2134.11 लाख कुल ₹ 4956.68 लाख का व्यय हुआ है। समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वेतन-भत्तों हेतु ₹ 4982.00 लाख एवं वेतन-भत्तों के अतिरिक्त अन्य मदों के लिए ₹ 3171.00 लाख को जोड़कर ₹ 8153.00 लाख कुल प्रस्तावित आय-व्ययक प्राविधान **(क एवं ख)** को अनुमोदित किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिए गये कि विश्वविद्यालय वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपने व्यय को आय की सीमा में ही रखें। समिति द्वारा केमिकल इन्जीनियरिंग विभाग के कक्षा-कक्षों के अवशेष निर्माण कार्य हेतु शासन से परियोजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली अवशेष धनराशि ₹ 217.97 लाख का व्यय अपनी पूर्व वर्षो की बचतों इत्यादि से किये जाने पर एजेण्डा बिन्दु संख्या 18.12 पर लिये गये निर्णय के अनुसार व्यय हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

| क्रम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2021–22 में अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2021–22 में संशोधित अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2021–22 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुमोदित बजट |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (₹ लाख में) | | |
| (क) | | | | | |
| 1 | वेतन भत्ते | | | | |
| | (अ) शिक्षक | | | | |
| | (क) वेतन | 1428.93 | 1428.93 | 1246.45 | 2000.00 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 300.00 | 300.00 | 258.12 | 760.00 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 52.80 | 52.80 | 36.62 | 100.00 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 200.00 | 200.00 | 0.00 | 277.00 |
| | **योग** | **1,981.73** | **1,981.73** | **1,541.19** | **3,137.00** |
| | (ब) प्रशासन | | | | |
| | (क) वेतन | 161.21 | 161.21 | 144.59 | 170.00 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 40.00 | 40.00 | 34.86 | 65.00 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 30.00 | 30.00 | 2.29 | 30.00 |
| | **योग** | **231.21** | **231.21** | **181.74** | **265.00** |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | | | | |
| | (क) वेतन | 800.00 | 800.00 | 661.58 | 800.00 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 121.50 | 121.50 | 166.09 | 300.00 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 72.00 | 72.00 | 38.92 | 80.00 |
| | (घ) आउट सोर्सिंग | 240.00 | 240.00 | 233.05 | 400.00 |
| | **योग** | **1,233.50** | **1,233.50** | **1,099.64** | **1,580.00** |
| | **योग (अ+ब+स)** | **3,446.44** | **3,446.44** | **2,822.57** | **4,982.00** |
| (ख) | | | | | |
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 5.00 | 3.96 | 15.00 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 10.00 | 5.00 | 4.55 | 15.00 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 5.00 | 5.00 | 4.72 | 7.00 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एव पेट्रोल आदि की खरीद | 15.00 | 10.00 | 9.70 | 20.00 |
| 6 | व्यवसायिक एव विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 50.00 | 40.00 | 1.78 | 15.00 |
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 40.00 | 25.09 | 50.00 |
| 8 | छात्रवृत्ति / फेलोशिप | 15.00 | 90.00 | 0.00 | 100.00 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर / जल प्रभार आदि | 150.00 | 150.00 | 129.52 | 150.00 |
| 10 | भवनों / सडकों / अतिथि गृह / 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एव मशीनो आदि का रखरखाव | 600.00 | 300.00 | 197.16 | 400.00 |
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु | 219.00 | 198.00 | 98.19 | 319.00 |
| 12 | विद्युत व्यय | 350.00 | 350.00 | 259.28 | 350.00 |
| | **योग** | **1479.00** | **1193.00** | **733.95** | **1441.00** |

| क्रम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2021–22 में अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2021–22 में संशोधित अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2021–22 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुमोदित बजट |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | औषधियों एव चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 10.00 | 2.00 | 0.52 | 30.00 |
| 14 | शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियो के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 2.00 | 0.00 | 10.00 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 250.00 | 250.00 | 217.01 | 450.00 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 40.00 | 10.00 | 9.77 | 40.00 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 25.00 | 10.00 | 9.44 | 25.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एव विभिन्न समितियो के आयोजन हेतु | 15.00 | 5.00 | 4.78 | 15.00 |
| 20 | वाहन का क्रय | 10.00 | 0.00 | 0.00 | 30.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 10.00 | 2.00 | 0.09 | 50.00 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | 5.00 | 3.00 | 10.00 |
| 23 | शताब्दी वर्ष को यादगार बनाये जाने के आयोजन, इवेन्ट तथा अस्थायी एवं स्थाई निर्माण आदि मे व्यय हेतु | 300.00 | 1200.00 | 912.00 | 0.00 |
| 24 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 200.00 | 200.00 | 164.17 | 250.00 |
| 25 | विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप के व्यय हेतु | 40.00 | 20.00 | 8.27 | 60.00 |
| 26 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 30.00 | 10.00 | 0.14 | 30.00 |
| 27 | इन्टरनेट शुल्क | 40.00 | 10.00 | 1.21 | 100.00 |
| 28 | पुस्तकालय व्यय | 50.00 | 20.00 | 4.31 | 50.00 |
| 29 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण/अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन/ फर्नीचर एवं भवन एव सड़क निर्माण एवं विस्तार तथा शताब्दी वर्ष से संबधित कार्यो हेतु व्यय | 200.00 | 100.00 | 27.80 | 500.00 |
| 30 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 25.00 | 40.00 | 37.65 | 35.00 |
| 31 | दीक्षान्त समारोह व्यय | 35.00 | | | 35.00 |
| | **योग** | **2789.00** | **3089.00** | **2134.11** | **3171.00** |
| | **महायोग (क+ख)** | **6,235.44** | **6,535.44** | **4,956.68** | **8,153.00** |
| | विश्वविद्यालय फीस + अन्य अनुमानित आय | | 3856.70 | 3972.77 | 4956.74 |
| | शासन से अनुदानित धनराशि | | 2684.07 | 2511.86 | 2810.94 |
| | बचत | | 5.33 | 1,527.95 | -385.32 |

समिति द्वारा अनुमोदित बजट के कम में अद्यतन शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अधीन वाहन के क्रय के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।

4

**18.05 बाह्य एजेन्सियों, डी०एस०टी०, यू०पी०सी०एस०टी०,डी०आई०सी०–आई०आई०टी० कानपुर, पं०दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं अन्य संगठनों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन व्यय विवरण।**

वाह्य संगठनों यथा–डी०एस०टी०, यू०पी०सी०एस०टी० एवं अन्य सगंठनों द्वारा विश्वविद्यालय को शोध कार्य हेतु पूर्व में स्वीकृत की गयी परियोजनाओं में वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2021–22 तक अद्यतन प्राप्त धनराशियों के सापेक्ष दिनांक 31/03/2022 तक हुए व्यय विवरण से समिति अवगत हुई। समिति द्वारा यह भी अपेक्षा की गई कि वित्तीय वर्ष 2022–23 के अन्त में व्यय विवरण प्रस्तुत करते समय विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित अद्यतन प्रगति का विवरण भी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

**18.06: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के आटोमेशन (ERP) कार्य MKT Softwares Pvt.Ltd.से कराये जाने कार्य विस्तारण हेतु प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के आटोमेशन कार्य हेतु मेसर्स एम०के०टी० साफ्टवेयर कानपुर से कराये जाने हेतु दिनांक 01/07/2021 से 14/12/2021 (अर्थात 05 माह 14 दिन) तक का कार्य विस्तारण एवं रू० 40,000.00 प्रतिमाह की दर से पं० डी०डी०यू०–क्यू०आई०पी० से भुगतान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18.07: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के टैगोर केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा छात्रों को इशू की गयी पुस्तकों को कोविड–19 के दृष्टिगत लॉकडाउन/ऑफलाइन पठन –पाठन बन्द रहने तक का पुस्तक विलम्ब शुल्क को माफ किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के टैगोर केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा छात्रों को इशू की गयी पुस्तकों को कोविड–19 के दृष्टिगत लॉकडाउन/ऑफलाइन पठन–पाठन बन्द रहने के कारण छात्रों द्वारा पुस्तकों को समयवद्ध जमा न किये जाने के कारण उक्त अवधि का पुस्तक विलम्ब शुल्क रू० 1,28,776.50 (रू० एक लाख अठ्ठाइस हजार सात सौ छिहत्तर पैसा पचास मात्र) को माफ करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18.08: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में दिनांक 06.12.2016 से 30.09.2019 तक की अवधि में कार्यरत रहे होमगार्ड स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्ते के लम्बित एरियर के भुगतान किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में दिनांक 6/12/2016 से 30/09/2019 तक ड्यूटी पर नियोजित रहे होमगार्ड के ड्यूटी भत्ते के लम्बित एरियर रू0 1,42,40,855/- का भुगतान किये जाने हेतु शासन के पत्र संख्याः 141582/16–1099/73/2021 दिनांक 18 फरवरी, 2022 के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्त्रोतों से भुगतान करने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18.09: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) शोधार्थियों के 03 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त शैक्षिक शुल्क कम/माफ किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय की एकेडिमिक काउन्सिल से परामर्श लेते हुए तथा अन्य संस्थानों के शैक्षिक शुल्क के दृष्टिगत प्रकरण में मा0 कुलपति महोदय को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया।

**18.10: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के शताब्दी भवन में शताब्दी समारोह के दृष्टिगत अतिरिक्त कार्यों हेतु रू0 101.48 लाख के भुगतान संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रागढ़ में निर्माणाधीन मल्टीपरपज हाल (शताब्दी भवन) में अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा नवीन प्रस्तावित कार्य का आगणन के सापेक्ष अध्यक्ष रख–रखाव द्वारा रू0 101.48 लाख का भुगतान किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर माननीय कुलपति महोदय से कराये गये कार्यों के आगणन का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त करते हुए भुगतान हेतु अनुमोदन के लिए आगामी बैठक में वित्त समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**18.11: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के पश्चिमी एवं पूर्वी प्रागंण में साफ–सफाई का कार्य जेम पोर्टल के माध्यम से अनुबन्ध के आधार पर एजेन्सी से कराने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के पश्चिमी एवं पूर्वी प्रागण में साफ–सफाई का कार्य जेम पोर्टल के माध्यम से कार्यदायी संस्था का चयन करते हुए अनुमानित धनराशि रू0 24.84 लाख + जी0एस0टी0 के प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

**18.12: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में निर्माणाधीन केमिकल इन्जीनियरिंग विभाग के कक्षों के निर्माण हेतु अवशेष कार्यो को विश्वविद्यालय बचत आदि से पूर्ण कराये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रागण में निर्माणाधीन केमिकल इन्जीनियरिंग विभाग के कक्षों के निर्माण हेतु अवशेष धनराशि रू0 217.97 लाख का व्यय हेतु पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम–सहायतित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से अनुदान प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गये। पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम–सहायतित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से धनराशि न मिलने की दशा में प्रश्नगत परियोजना का अवशेष निर्माण कार्य विश्वविद्यालय की बचत/एफ0डी0 के रूप में उपलब्ध धनराशि से कराने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18.13: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के उद्यानों के रख–रखाव का कार्य ई–निविदा के माध्यम से कराने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने प्रस्ताव पर विचार करते हुए विश्वविद्यालय के पश्चिमी एवं पूर्वी प्रांगण में उद्यानों का रख–रखाव (Hospitality & Gardening) का सम्पूर्ण कार्य जेम पोर्टल पर उपलब्ध एजेन्सी के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये गये। जेम पोर्टल पर एजेन्सी न मिलने की दशा में ई–निविदा के माध्यम से कार्य कराने पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इस संबंध में समिति द्वारा सम्पूर्ण व्यय रू0 50.00 लाख की सीमा तक सीमित रखने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18.14: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर छात्र कियाकलाप हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु व्यय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप के व्यय हेतु प्रस्तावित बजट पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय हेतु विभिन्न उपशीर्षक में प्रस्तावित धनराशि की व्यय सीमा को हटाते हुए समिति द्वारा सम्पूर्ण प्रस्तावित धनराशि रू0 56,48,000/– पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18.15: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में शैक्षिक सत्र 2021–22 में बी0टेक., बी0टेक. क्षैतिज प्रवेश एवं एम0सी0ए0 विधाओं में छात्रों द्वारा प्रवेश के उपरान्त फीस वापस करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति के सदस्य मा0 कुलपति महोदय के निर्णय से संज्ञानित होकर निम्नलिखित प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया:

1. पंजीयन शुल्क रू0 2,500/–नॉन रिफण्डेबुल है तथा वापसी किये जाने योग्य नही है।
2. सभी छात्र जिन्होने Seat Acceptance Fee रू0 20,000/–(रू0 12,000/– SC/ST छात्रों के लिये) जमा की थी, प्रवेश न मिलने की दशा में रू0 5,000/– कटौती के साथ रू0 15,000/–(रू0 7,000/– SC/ST छात्रों के लिये) वापस किये जाये।
3. सभी ऐसे छात्र जो Seat Acceptance Fee के साथ Float Fee रू0 20,000/–(रू0 12,000/–SC/ST छात्रों के लिये) के साथ अगले राउन्ड में जाने के पश्चात भी प्रवेश नहीं लेते है, का कुल रू0 5,000/– Seat Acceptance Fee से कटौती के साथ शेष धनराशि वापस की जायें। पूर्व में यह धनराशि विश्वविद्यालय स्तर पर जब्त कर ली जाती थी जो उचित नहीं प्रतीत होती तथा अनेक बार छात्र/अभिभावकों द्वारा विधिक समस्या खड़ी की जाती रही है।
4. Additional Round of Counselling में प्रतिभाग करने वाले ऐसे सभी अभ्यर्थियों की जमा धनराशि रू0 40,000/–वापस कर दी जाये जिन्होने विश्वविद्यालय में अन्तिम रूप में प्रवेश नही लिया है।
5. जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूरी फीस जमा कर विश्वविद्यालय में अन्तिम प्रवेश लेने के उपरान्त सीट छोड दी गयी है, को UGC की 5 Tier गाइडलाइन्स के प्रवेश निरस्त करने की तिथि के आधार पर कटौती करते हुए फीस वापसी की जाय। विश्वविद्यालय में प्रवेश की अन्तिम तिथि नवम्बर 30, 2021 को आधार मानते हुए शुल्क कटौती की गणना की जाये।
6. कतिपय छात्रो द्वारा निर्धारित पंजीयन एवं शिक्षण शुल्क से अधिक धनराशि विभिन्न कारणों से कर दी गई, उनको अतिरिक्त धनराशि वापस कर दी जाये।

**18.16: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओ पर विचार।**

**18.16.01 विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण एवं चीफ प्रॉक्टर के कार्यालय में प्रवासित वाह्य आगन्तुकों के लिए स्वल्पाहार के व्यय सीमा प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने अधिष्ठाता, छात्र कल्याण एवं चीफ प्रॉक्टर कार्यालय के लिए अतिथिगण के स्वल्पाहार की व्यवस्था हेतु विश्वविद्यालय हित में अधिष्ठाता छात्र कल्याण के प्रस्ताव के कम में ₹ 2500.00 प्रतिमाह की व्यय सीमा तथा धनराशि अग्रिम दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**18.16.02 आवास आंवटित न होने की दशा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को अतिथि गृह उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा स्थानान्तरण/नई नियुक्ति की दशा में योगदान करने पर तुरन्त आवास आवंटित न हो पाने की दशा में विश्वविद्यालय अतिथि गृह की सुविधा अधिकतम 02 माह के लिए निःशुल्क प्रदान करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इस अवधि में संबंधित शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी को देय आवास भत्ते की धनराशि की कटौती करते हुए विश्वविद्यालय आय में सम्मिलित करने के निर्देश प्रदान किये गये।

**18.16.03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की प्रवेश समन्वय समिति के कार्यों में सहयोग देने वाले शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु मानदेय बढ़ाये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने शैक्षिक सत्र 2022–23 से प्रवेश समन्वय समिति के कार्यो में सहयोग देने वाले शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए मानदेय में बढ़ोत्तरी संबंधी प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया:

| Sl. | Present Rates | Rivised Rates From Academic Session 2022-23 |
|---|---|---|
| i. | Coordinator Rs. 25,000/- | Coordinator Rs. 35,000/- |
| ii. | Dy. Coordinator Rs. 20,000/- | Dy. Coordinator Rs. 30,000/- |
| iii. | Asstt. Coordinator Rs. 15000/- | Asstt. Coordinator/Member Rs. 25000/- |
| | Nil | Supporting Staff (Class-III) Rs. 12000/- |
| | Nil | Supporting Staff (Class-IV) Rs. 8000/- |
| iv. | Faculty/officer (Grade Pay Rs.8900-10000/-) Rs 1000/- up to Rs. 7000/- | Faculty/officer (Grade Pay Rs.8900-10000/-) Rs 2000/- per day up to Rs. 10000/- |
| v. | Faculty/officer (Grade Pay Rs.6000-8700/-) Rs 800/- up to Rs. 6000/- | Faculty/officer (Grade Pay Rs.6000-8700/-) Rs 1500/-per day up to Rs. 7500/- |
| vi. | Faculty/officer(Grade Pay Rs. 5400/-) Rs 600/- up to Rs. 5000/- | Faculty/officer (Grade Pay Rs. 5400/-) Rs 1000/-per day up to Rs. 5000/- |
| vii. | Class III Rs 500/- up to Rs 3000/- | Class III Rs 800/-per day up to Rs 4000/- |

**18.16.04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में अतिथि व्याख्याताओं का मानदेय बढ़ाये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में आवद्ध अतिथि व्याख्याताओं से सम्पूर्ण कार्य अवधि में विभागीय कार्य एवं शैक्षिक कार्य लिये जाने के आलोक में मानदेय रू0 450/– प्रति व्याख्यान एवं अधिकतम रू0 30,000/– के स्थान पर अतिथि व्याख्याताओं द्वारा किये गये अन्य पूर्णकालिक शैक्षिक एवं विभागीय कार्य को व्याख्यान की श्रेणी में सम्मिलित करते हुए उनकी कार्यावधि निर्धारित कर अधिकतम मानदेय रू0 30,000/–प्रतिमाह दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**18.16.05 विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 12/04/2022 को सम्पन्न 17वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने दिनांक 12/04/2022 को विश्वविद्यालय की केन्द्रीय क्रय समिति की 17वीं बैठक में लिये गये निर्णयों से समिति संज्ञानित हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया।

**18.16.06 विश्वविद्यालय में शैक्षिक पदों को भरने हेतु निकाले गये विज्ञापन संख्या–Estt-01/2017दिनांक 28/09/2017 में अभ्यार्थियों द्वारा जमा किये गये शुल्क की वापसी संबन्धी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक पदों को भरे जाने हेतु निकाले गये विज्ञापन संख्याः Estt-01/2017दिनांक 28/09/2017 को विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की तीसरी बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में निरस्त कर दिया गया है। अतः समिति द्वारा उक्त से अवगत होते हुये अभ्यार्थियों द्वारा जमा किये गये शुल्क को जमा की पुष्टि कराते हुए वापस किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

(गोपाल खरे)
वित्त नियंत्रक/सदस्य सचिव
एच0बी0टी0यू0, कानपुर।